कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा
दूरभाष : 05962.230065, फैक्सः 05962.232182 ई–मेल almoraforestdivision@rediffmail.com
पत्रांक 5888/12-1(2) अल्मोड़ा दिनांक 28/04/ 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 309 ए0के0 रामेश्वर–गंगोलीहाट–बेरीनाग–चकोड़ी–काण्डा– बागेश्वर–ताकुला अल्मोड़ा मोटर मार्ग का टू लेन में चौडीकरण (कि0मी0 171 से 206) प्रस्ताव सं0 **FP/UK/ROAD/ 151120/2022**।

संदर्भः– आपकी पत्र संख्या 4172/12–1(2) दिनांक 05.03.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में सादर अवगत कराना है कि प्रस्तावित परियोजना में प्रभावित होने वाले बांज वृक्षों का दिनांक 19.04.2022 को अधोहस्तारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया है कि प्रस्तावित मार्ग के अतिरिक्त कोई वैकल्पिक समरेखन संभव नहीं है क्योंकि विषयांकित कार्य वर्तमान में मौजूद मोटर मार्ग के चौड़ीकरण का है न कि नये मोटर मार्ग के निर्माण का कार्य है।

यह भी उल्लेखनीय है कि विषयांकित मार्ग के दोनों तरफ थोड़ी दूर पर आरक्षित वन क्षेत्र है। साथ ही वन पंचायत एवं सिविल वन भी विद्यमान हैं। उक्त क्षेत्र वन्य जीव बाहुल्य क्षेत्र है तथा मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान तथा चौड़ीकरण के पश्चात वन्य जीवों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव की क्षतिपूर्ति के लिए सक्षम स्तर से Wild Life Mitigation Plan बनाया जाना चाहिए, जिसके क्रियान्वयन हेतु धनराशि प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा उपलब्ध करायी जानी चाहिए।

भवदीय,
Mahat
प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।